**Media Release**

# मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद के गोवा केंद्र का उद्घाटन किया

अहमदाबाद**, 13** मार्च**, 2024-** मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने **12** मार्च **2024** को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के गोवा क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर अनेक गणमान्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे**,** इनमें प्रमुख हैं- भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान**,** अहमदाबाद के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला**,** डॉ. मिलिंद कांबले, अध्यक्ष, दलित इंडियन, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई), और बोर्ड सदस्य, ईडीआईआई; श्री संजय सातार्डेकर**,** वाइस चेयरमैन**,** ईडीसी लिमिटेड**;** गोवा सीएसआर प्राधिकरण के संयुक्त सीईओ डॉ. विजय सक्सेना**;** श्री बी.एस. पाई एंगल**,** मैनेजिंग डायरेक्टर**,** ईडीसी लिमिटेड और डॉ. अमित द्विवेदी**,** प्रभारी - सरकारी परियोजना विभाग**,** ईडीआईआई।

केंद्र ने 'गोवा उद्यमिता योजना' को लागू करने की शुरुआत की है। ईडीआईआई इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है**,** गोवा सीएसआर प्राधिकरण और ईडीसी लिमिटेड**,** गोवा नोडल एजेंसियां हैं।

गोवा उद्यमिता योजना का उद्देश्य गोवा में स्टार्ट-अप**,** नए उद्यमियों और मौजूदा एमएसएमई को प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करके गोवा के उद्यमशीलता से संबंधित ईको सिस्टम को मजबूत करना है।

गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा**, "**गोवा भी स्टार्टअप नीति 2017 को लागू करने वाले पहले चार राज्यों में से एक है। उद्यमिता के मोर्चे पर, जबकि पर्यटन सर्वोच्च है, लोग समानांतर रूप से अन्य उभरते क्षेत्रों में भी जा रहे हैं। राज्य अब कई आगामी क्षेत्रों में अपनी क्षमता का दोहन करने के लिए आगे बढ़ रहा है, और एक ऐसे राज्य के रूप में विकसित हो रहा है जो विकास सुनिश्चित करने के लिए उद्यमशीलता की आकांक्षाओं का पोषण करता है। ऐसे में ईडीआईआई के साथ जुड़ाव उद्यमिता परिदृश्य को मजबूत करेगा"। माननीय मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने ईडीआईआई के गोवा केंद्र की स्थापना की सुविधा के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल को पत्र लिखा था। श्री प्रमोद सावंत ने गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय द्वारा दिखाई गई सक्रियता की सराहना भी की।

इस अवसर पर अपनी ओर से आभार व्यक्त करते हुए**,** ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा**, ''**विशेष रूप से गोवा में एसएमई सेक्टर में विकास की प्रक्रिया बहुत प्रभावी है और अनेक क्षेत्रों में यह नजर भी आ रहा है। इसके आधार पर**,** ईडीआईआई ट्रेनिंग**,** रिसर्च और डॉक्यूमेंटेशन के साथ इन्क्यूबेशन से जुड़ी पहलों की एक श्रृंखला शुरू करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गोवा उद्यमिता और इनोवेशन का केंद्र बन जाए और नए अवसरों और प्रक्रियाओं के लिए निरंतर खोज शुरू हो सके। नवाचार को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभा को सशक्त बनाने पर ध्यान देने के साथ**,** यह पहल गोवा को स्टार्टअप और उद्यमिता के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने का मार्ग प्रशस्त करेगी।''

डॉ. मिलिंद कांबले, संस्थापक अध्यक्ष, डीआईसीसीआई और बोर्ड सदस्य-ईडीआईआई ने कहा, ''संस्कृति और कॉमर्स के अपने गतिशील संयोजन के साथ गोवा उद्यमों को फलने-फूलने के लिए एक उपजाऊ जमीन प्रदान करता है। यह केंद्र हमारे युवाओं में निहित उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देते हुए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। ईडीआईआई की पहल को देखते हुए**,** गोवा उद्यमशीलता की आकांक्षाओं और मानसिकता को पोषित करने के लिए तैयार है।''

अपनी राय व्यक्त करते हुए, ईडीसी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बी.एस. पाई एंगल ने कहा, ''मुझे खुशी है कि हम गोवा में उद्यमशीलता संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने के कार्य के लिए मिलजुल कर काम कर रहे हैं। ईडीसी लिमिटेड में, हम उद्यमशीलता से संबंधित ईको सिस्टम का समर्थन करने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य का निर्माण किया जा सके। हमें यकीन है कि साथ मिलकर, हम गोवा की असीमित क्षमता को अनलॉक करने के लिए इस क्षण का लाभ उठाएंगे।''

उद्‌घाटन समारोह ईडीआईआई के सरकारी परियोजना विभाग के प्रभारी डॉ. अमित द्विवेदी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुआ।

''संस्कृति और कॉमर्स के अपने गतिशील संयोजन के साथ गोवा उद्यमों को फलने-फूलने के लिए एक उपजाऊ जमीन प्रदान करता है। यह केंद्र हमारे युवाओं में निहित उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देते हुए एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। ईडीआईआई की पहल को देखते हुए, गोवा उद्यमशीलता की आकांक्षाओं और मानसिकता को पोषित करने के लिए तैयार है।''

**<u>About Entrepreneurship Development Institute of India</u>**

Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad, an autonomous and not-for-profit institute, set up in 1983, is an acknowledged National Resource Institute for Entrepreneurship Education, Research, Training & Institution Building. It is sponsored by apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and the State Bank of India (SBI), and has been supported by the Government of Gujarat. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India.

EDII moved on to adopt the role of a National Resource Institute in Entrepreneurship training, education, research, MSME development, innovations and institutional building. The Institute works with the Central Government and various State Governments in a collaborative frame. It is closely associated noted corporates in envisioning and implementing several impact making programmes and projects. The Institute conducts a variety of programmes and projects, across sectors and sections of people through its 7 regional offices and PAN India branch offices. Visit www.ediinddia.org

**<u>For more details, contact:</u>**

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987